प्रेस नोट

दिनांक 10.12.2024

अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा मंगलवार की परेड/पुलिस लाइन का निरीक्षण व दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ रिहर्सल ।

आज दिनांक 10 दिसंबर 2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, जनपद हमीरपुर ने पुलिस लाइन में मंगलवार की परेड का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में अनुशासन और एकरूपता बनाए रखने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण गतिविधियां आयोजित की गई।

साप्ताहिक मंगलवार की परेड की सलामी लेकर अपर पुलिस अधीक्षक ने टोलीवार ड्रिल करवाई, जिसमें पुलिसकर्मियों के अनुशासन और एकरूपता को सुनिश्चित किया गया। परेड के दौरान पुलिसकर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ का आयोजन किया गया। इस प्रयास से पुलिसकर्मियों को अपने स्वास्थ्य और फिटनेस पर ध्यान केंद्रित करने की प्रेरणा दी गई।

अपर पुलिस अधीक्षक ने डायल-112 वाहनों और उसकी कार्य प्रणाली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सतर्क और तैयार रहने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, पुलिस लाइन के आदेश कक्ष में ओ0आर0 कर अभिलेखों की जांच की गई और विभिन्न विभागीय मामलों का निस्तारण किया गया, जिससे प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और प्रभावशीलता सुनिश्चित हो सके।

निरीक्षण के क्रम में रिजर्व पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण किया गया। परिसर की स्वच्छता और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस बल को आपात स्थितियों से निपटने तथा दंगा नियंत्रण की तैयारी सुनिश्चित करने के दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ रिहर्सल कराई गई।

इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन, व अन्य संबंधित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।